I.G.N.O.U. *Based*

# NEERAJ®

# B.E.C.E.-16

## आर्थिक विकास : तुलनात्मक विश्लेषण एवं समकालिक मुद्दे

**( Economic Development: Comparative Analysis and Contemporary Issues )**

By: *Manish Kumar*

***Question Bank Cum Chapterwise Reference Book***
***Including* Many Solved Question Papers**


**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 280/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**

*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by:* ***Competent Computers*** | *Printed at:* ***Novelty Printer*** |


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/ study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board / University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/ textbooks recommended by the Board/ University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

© **Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## आर्थिक विकास : तुलनात्मक विश्लेषण एवं समकालिक मुद्दे
## ( Economic Development: Comparative Analysis and Contemporary Issues )

***Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)***


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 ( Solved )* | **1-3** |
| *Question Paper—June, 2018 ( Solved )* | **1-6** |
| *Question Paper—June, 2017 ( Solved )* | **1-4** |
| *Question Paper—June, 2016 ( Solved )* | **1** |
| *Question Paper—June, 2015 ( Solved )* | **1-2** |
| *Question Paper—June, 2014 ( Solved )* | **1-2** |
| *Question Paper—June, 2013 ( Solved )* | **1** |
| *Question Paper—June, 2012 ( Solved )* | **1-2** |


| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | *Page* |
|---|---|---|

### आर्थिक संवृद्धि और विकास
### ( Economic Growth and Development )


1. आर्थिक संवृद्धि और विकास की अवधारणाएँ — 1
   **( Concepts of Economic Growth and Development )**
2. आर्थिक संवृद्धि के सिद्धांत — 9
   **( Theories of Economic Growth )**
3. द्वैधग्रस्त अर्थव्यवस्था सिद्धान्त — 20
   **( Theories of Diplomatic Economy)**
4. विकास के सामाजिक एवं पर्यावरणीय आयाम — 32
   **( Socio-Environmental Dimensions of Development )**

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **बीसवीं शताब्दी के विकास प्रतिमान–I** (Development Paradigms of 20th Century–I) | |
| 5. | पूँजीवादी दृष्टिकोण (Capitalistic View) | 44 |
| 6. | संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और यूरोप के अनुभव (Experiences of U.S.A., Japan and Europe) | 53 |
| 7. | समाजवादी विधि (Socialistic Method) | 61 |
| 8. | सोवियत संघ, चीन और पूर्वी यूरोप के अनुभव (Experiences of Soviet Union, China and Eastern Europe) | 67 |
| 9. | बाजार समाजवाद: स्केन्डेनेविया और नॉर्डिक देशों के अनुभव (Market Socialism: Experiences of Scandenavia and Nordic Countries) | 78 |
| | **बीसवीं शताब्दी के विकास प्रतिमान–II** (Development Paradigms of 20th Century–II) | |
| 10. | मिश्रित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण (Mixed Economy Consideration) | 87 |
| 11. | पूर्वी एशियाई अनुभव (एशिया के शेर) (Experiences of East Asia — Lions of Asia) | 93 |
| 12. | विकास के प्रतिमान: भारतीय अनुभव (Paradigms of Development: Indian Experiences) | 104 |
| 13. | लैटिन अमरीकी और अफ्रीकी अनुभव (Latin America and African Experiences) | 112 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **उदीयमान विश्व आर्थिक व्यवस्था** (Promising World Economic Order) | |
| 14. | उदीयमान व्यापार व्यवस्था (Promising Trading Systems) | 124 |
| 15. | उदीयमान वित्त व्यवस्था (Promising Finance System) | 130 |
| 16. | उदीयमान सूचना एवं प्रौद्योगिकी व्यवस्था (Promising Information and Technology System) | 142 |
| 17. | आर्थिक सुधार और उसके प्रभाव (Economic Reforms and its Impacts) | 150 |
| | **21वीं शताब्दी में विकास के उदीयमान मुद्दे एवं चुनौतियां** (Promising Issues and Challenges of Development in 21st Century) | |
| 18. | वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण [Globalisation, Liberalisation and Privatisation — GLP] | 157 |
| 19. | अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रश्न (International Economic Issues) | 163 |
| 20. | धारणीय विकास के वर्तमान मुद्दे (Present Issues of Sustainable Development) | 177 |
| 21. | प्रौद्योगिकीय चुनौतियाँ : सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी का विकास (Technological Challenges: Development of ITC) | 187 |
| 22. | प्रशासन और विकेन्द्रीकरण (Governance and Decentralisation) | 198 |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*(June – 2019)*

*(Solved)*

## आर्थिक विकास : तुलनात्मक विश्लेषण एवं समकालिक मुद्दे

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *आर्थिक भाग से दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड–अ

*इस खण्ड से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. ( क ) आर्थिक संवृद्धि के निर्धारक तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–आर्थिक संवृद्धि के कारक**

**1. प्राकृतिक साधनों की उपलब्धता तथा उनका उचित उपयोग**–एक संकीर्ण भाव में प्राकृतिक साधनों का अर्थ है प्रकृति के उपहार जो उनकी आवश्यकता के अनुसार प्राप्त किया जा सकते है, परन्तु एक व्यापक अर्थ में, इसमें प्रकृति द्वारा प्रदत वायु, जल, धूप, पशु-पक्षी, सब्जियां, पौधे, वन आदि सम्मिलित हैं जो मानवीय आवश्यकताओं को सन्तुष्ट करते हैं।

इस प्रकार, प्रत्येक आविष्कार जो प्रकृति पर आदमी का नियन्त्रण बढ़ता है, कुल उपलब्ध साधनों को भी बढ़ाता है। आदमी और प्राकृतिक साधनों को प्रकार्यात्मक पारस्परिकता का नाम दिया गया है। इन साधनों में भूमि की स्थिति को उच्च स्थान दिया गया है।

आर्थिक विकास के लिये, भारी मात्रा में प्राकृतिक साधन पूर्वापेक्षित हैं। समृद्ध प्राकृतिक साधनों वाले देश आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से, निर्धन साधनों वाले देशों जिन्होंने विकास की चुनौती के लिये लोगों को मन से तैयार नहीं किया, की तुलना में विकास के लिये अच्छा आरम्भ कर सकते हैं।

**2. जनसंख्या और मानवीय साधन**–जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक वृद्धि के बीच सम्बन्ध रुचिकर एवं जटिल है। यह साधन और साध्य दोनों हैं। एक साधन के रूप में, मानवीय साधन पूर्ति एक आवश्यक कारक सेवा है जो अन्य कारकों को काम में लगाती है अर्थात् श्रम एवं उद्यमीय योग्यता।

इस भूमिका में यह कुल उत्पादन का आकार निर्धारित करती है। दूसरी ओर, सम्पूर्ण विकास गतिविधियां लोगों को बेहतर जीवन स्थितियां उपलब्ध करने के लिये सम्पन्न की जाती है।

**3. पूंजी संचय**–एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जो आर्थिक विकास निर्धारित करता है वह पूंजी का संचय है। सरल शब्दों में पूंजी का अर्थ है भौतिक रूप में पुनरुत्पादन योग्य उत्पादन के कारकों का भण्डार। पूंजी की वृद्धि पूंजी को संचय की ओर ले जाती है।

इस प्रकार आर्थिक विकास की प्रक्रिया में पूंजी को प्रमुख स्थान प्राप्त है। पूंजी वस्तुओं के उद्योगों में निवेश, पूंजी भण्डार में वृद्धि, प्राकृतिक उत्पादन एवं आय में वृद्धि की ओर ले जाता है।

पूंजी निर्माण की प्रक्रिया तीन सोपानों से गुजरती है:

*(i)* बचतों का सृजन,
*(ii)* बचतों की गतिशीलता,
*(iii)* निवेश।

अतः पूंजी निर्माण निम्नलिखित ढंग से तीव्र आर्थिक विकास के संवर्धन में सहायता करता है–

*(i)* पूंजी किसी अर्थव्यवस्था के उत्पादन को बढ़ाने में बहुमुखी भूमिका निभाती है। यह उत्पादन की तकनीकों अथवा परिमाप में परिवर्तन लाने की सम्भावनाओं से सम्बन्धित है। पूंजी के भण्डार में वृद्धि के फलस्वरूप कोई अर्थव्यवस्था बड़े स्तर के उत्पादन और विशेषीकरण के लाभ उठा सकती है।

*(ii)* बढ़ती हुई जनसंख्या को उत्पादन के औजार और उपकरण उपलब्ध करने के लिये पूंजी संचयन आवश्यक है। उत्पादन के विस्तार के लिये और बढ़ती हुई श्रम शक्ति को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिये पूंजी संचय अनिवार्य है।

*(iii)* पूंजी संचय में तीव्र वृद्धि प्रतिश्रमिक उपकरणों और यन्त्रों की पूर्ति में सहायक होती है। इसे दूसरे रूप में प्रस्तुत करते हुये, यह उत्पादन की विकसित तकनीकों को अपनाने में सहायता करती है जोकि आधुनिक

www.neerajbooks.com



विकास का महत्वपूर्ण भाग है। तथापि, किसी अर्थव्यवस्था में पूंजी निर्माण की दर को बढ़ाने के लिये अनेक उपायों की कल्पना की जा सकती है।

4. **हितकरी निवेश प्रतिरूप**–आर्थिक विकास का एक अन्य महत्त्वपूर्ण निर्धारक है-हितकारी निवेश प्रतिरूप। इसका अर्थ है निवेश वरीयताओं के लिये उद्योगों का उचित चयन और निम्न पूंजी उत्पाद अनुपात बनाये रखने के लिये अथवा अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिये अपनायी जाने वाली उत्पाद तकनीकों का चयन। उचित निवेश मानदण्ड का चयन जिससे समाज को अधिकतम लाभ हो राज्य का उत्तरदायित्व बन जाता है।

निवेश का अनुकूलतम प्रतिरूप प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित मानदण्ड हैं जो लाभप्रद सिद्ध हो सकते हैं–

*(i)* सबसे उचित निवेश मानदण्ड ऐसे उद्योगों में निवेश करना है जहां सामाजिक सीमान्त उत्पादकता उच्चतम हो। इस विधि के अनुसार सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को न कि व्यक्तिगत फर्म अथवा उद्योग को उसकी उत्पादन सीमा अथवा नियोजित निवेश द्वारा उत्पादन सम्भावना वक्र की ओर संचालित किया जाये।

*(ii)* निवेश ऐसे ढंग से किया जाये जिससे बाजार अपूर्णताएँ कम हो और अतिरिक्त बाहरी मितव्ययताएं का विस्तार हो।

*(iii)* एक अन्य मानदण्ड यह है कि निवेश को उत्पादक मांगों की और निर्दिष्ट किया जाना चाहिये ताकि सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिये श्रृंखला प्रतिक्रियाएँ आरम्भ की जा सकें।

*(iv)* निवेश को सन्तुलित वृद्धि के नियम का अनुकरण करना चाहिये जो कृषि और औद्योगिक क्षेत्र के बीच सन्तुलन, घरेलू व्यापार और विदेशी में सन्तुलन, चालू उपभोग और बचत के बीच तथा उत्पादन आय के वितरण के बीच सन्तुलन बनाये रखने का लक्ष्य रखता हो। अन्य शब्दों में बाहरी और आन्तरिक निवेश होना चाहिये।

*(v)* उत्पादन की पूंजी गहन और श्रम गहन तकनीकों के बीच चयन हो सकता है जिसका लक्ष्य सामाजिक-आर्थिक उद्देश्य हो। यहां इन दो तकनीकों के बीच चयन करने को प्रश्न है।

5. **अन्तर्राष्ट्रीय कारक**–आर्थिक विकास एक बहुमुखी परिदृश्य है। आधुनिक विश्व में कोई भी अकेला कारक चाहे वह घरेलू हो या विदेशी, अर्थव्यवस्था की आन्तरिक वृद्धि को निर्धारित नहीं कर सकता। घरेलू साधनों के अतिरिक्त, बाहरी साधनों की भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता। अत: विदेशी साधनों की उपलब्धता मुख्यत: देश के आर्थिक विकास को निर्धारित करती है।

मोटे तौर पर आर्थिक वृद्धि के तीन मुख्य निर्धारक हैं; जैसे–

*(i)* विदेशी व्यापार अर्थात् देश की निर्यात क्षमता,

*(ii)* उन्नत देशों से पूंजी आयात करने की योग्यता और इच्छा,

*(iii)* अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग।

6. **प्रौद्योगिक उन्नति**–आजकल प्रौद्योगिक उन्नति को आर्थिक विकास का मुख्य इंजन माना जाता है, यद्यपि प्रौद्योगिक उन्नति का अर्थ है सुधरी हुई तकनीकी जानकारी का प्रयोग है।

परन्तु यह निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करती है–

*(i)* लोगों को प्रौद्योगिक उन्नति का प्रयोग आर्थिक लाभों के लिये करना चाहिये।

*(ii)* प्रौद्योगिक उन्नति व्यावहारिक विज्ञान पर आधारित है जो नये नव-प्रवर्तनों और आविष्कारों में परिणामित होती है।

*(iii)* नव-प्रवर्तनों का बड़े स्तर पर प्रयोग किया जाना चाहिये।

प्रौद्योगिक उन्नति की प्राप्ति के लिये निम्नलिखित शर्तों को पूरा होना आवश्यक है–

(क) प्रौद्योगिक उन्नति हेतु शोध के लिये भारी निवेशों की आवश्यकता होती है।

(ख) इसे ऐसे उद्यमियों की आवश्यकता होती है जो व्यापारिक कार्यों के लिये वैज्ञानिक आविष्कारों के प्रयोग की सम्भावनाओं को समझने की योग्यता रखते हैं।

(ग) वे अपने उत्पादों के लिये विस्तृत बाजार चाहते हैं।

7. **बाजार अपूर्णताओं को दूर करना**–एक अन्य कारक जो अल्प विकसित देशों के आर्थिक विकास का निर्धारण करता है, वह है बाजार अपूर्णताओं का विलोपन। इसका अर्थ है कि बाजार सभी अपूर्णतायों से मुक्त हो जो साधनों के आंशिक प्रयोग द्वारा विकास को प्रतिबन्धित करती हैं।

बाजार की अपूर्णताएं साधनों के बहाव को कम उत्पादक व्यवसायों से अधिक उत्पादक व्यवसायों की ओर जाने से रोकती है तथा एक बड़ी सीमा तक साधनों के अल्प प्रयोग तथा कुनिर्देशन के लिये उत्तरदायी हैं।

8. **संरचनात्मक परिवर्तन और संगठन**–संरचनात्मक परिवर्तन और संगठन भी महत्वपूर्ण कारक हैं जो अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास को निर्धारित करते हैं। वृद्धि प्रक्रिया को वर्तमान साधनों का अनुकूलतम आवंटन अथवा दक्ष प्रयोग ही नहीं करना होता बल्कि साधनों की पूर्ति को बढ़ाकर उन्हें भिन्न प्रयोगों में लगाना होता है।

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# आर्थिक विकास : तुलनात्मक विश्लेषण एवं समकालिक मुद्दे
# ( Economic Development: Comparative Analysis and Contemporary Issues )

## आर्थिक संवृद्धि और विकास
## ( Economic Growth and Development )

## आर्थिक संवृद्धि और विकास की अवधारणाएँ 1
## ( Concepts of Economic Growth and Development )

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

मानव समाज की उन्नति को दर्शाने के लिए कई शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जिनमें संवृद्धि भी एक है। आर्थिक संवृद्धि एवं आर्थिक विकास दोनों भिन्न अवधारणाएं हैं, परन्तु कई बार इन दोनों अवधारणाओं का प्रयोग एक-दूसरे के पूरक के रूप में भी किया जाता है। ऐसा बहुत कम होता है कि संवृद्धि हो जाए और विकास न हो या संवृद्धिविहीन विकास हो जाये। विकास के साथ- साथ संवृद्धि को भी अर्थव्यवस्था का एक घटक/क्षेत्रक माना जाता है। आर्थिक संवृद्धि राष्ट्र के एकल उत्पादन में समय-समय पर होने वाली वृद्धि को प्रदर्शित करती है, जबकि अर्थव्यवस्था में हो रहे संरचनात्मक या संस्थागत परिवर्तनों को आर्थिक विकास कहा जाता है। अर्थव्यवस्था की उन्नति के लिए दोनों ही अवधारणायें बड़ी महत्त्वपूर्ण हैं।

प्रस्तुत अध्याय आर्थिक संवृद्धि और विकास की अवधारणाओं से सम्बन्धित है। इसमें निम्नलिखित विषयों पर प्रकाश डाला गया है–संवृद्धि और विकास, आर्थिक संवृद्धि, संवृद्धि के विशेष लक्षण, आधुनिक आर्थिक संवृद्धि, संवृद्धि का मापन, आर्थिक विकास, संरचनात्मक दृष्टिकोण, संस्थागत दृष्टिकोण, आबंटन दृष्टिकोण, मूल आवश्यकता दृष्टिकोण, क्षमता-योग्यता दृष्टिकोण, विकास और आर्थिक विकास, धारणीय विकास तथा जीवन की गुणवत्ता आदि।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### संवृद्धि और विकास

संवृद्धि शब्द को एकआयामी परिवर्तन व्यक्त करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है, जैसे कि एक बच्चे की ऊँचाई में वृद्धि तथा गुब्बारे को फुलाना। संवृद्धि शब्द का प्रयोग अर्थव्यवस्था, व्यवसाय, शिक्षा, होटलों, अस्पतालों तथा संस्थाओं के विस्तार के लिए भी किया जाता है। कई बार यह कहा जाता है कि बच्चे की संवृद्धि तो अच्छी है, परन्तु उसका विकास अच्छा नहीं है। इससे स्पष्ट है कि संवृद्धि और विकास का प्रयोग यहाँ भिन्न-भिन्न लक्षणों को अभिव्यक्त करने के लिए किया जा रहा है।

ऐसा प्रायः कम ही होता है कि संवृद्धि हो जाए और विकास न हो। आमतौर पर संवृद्धि और विकास का क्रम साथ-साथ चलता है। यह हो सकता है कि कहीं पर संवृद्धि की प्रक्रिया अधिक प्रबल हो तथा कहीं पर विकास की प्रक्रिया अधिक प्रबल हो। कोई भी विद्वान ऋणात्मक संवृद्धियुक्त विकास के विचार को स्वीकार नहीं कर सकता। अनेक वैज्ञानिक रचनाओं तथा विभिन्न चर्चाओं में संवृद्धि एवं विकास शब्दों का प्रयोग एक-दूसरे के पर्याय के रूप में किया जाता है।

#### आर्थिक संवृद्धि

सभी अर्थव्यवस्थाओं में संवृद्धि एवं विकास होता है। अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति होती है। कुछ अर्थव्यवस्थाएँ निरन्तर ह्रास का अनुभव करती हैं। कुछ समृद्ध अर्थव्यवस्थाएँ आज लुप्तप्राय हो चुकी हैं। संवृद्धि किसी मूर्त अथवा अमूर्त परिमाण की वृद्धि को समयानुसार प्रदर्शित करती है। वृद्धि निरन्तर एकसमान दर से होना आवश्यक नहीं होता, जबकि संवृद्धि की प्रक्रिया निरन्तर समान दर से होती है। आर्थिक संवृद्धि एक अर्थव्यवस्था की संवृद्धि होती है, जिसे सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की प्रक्रिया द्वारा व्यक्त किया जा सकता है। फिल्लीस डीन ने संवृद्धि को प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में निरन्तर धारणीय वृद्धि के रूप में परिभाषित किया है। एक वर्ष में किसी समाज द्वारा उत्पादित समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं, परन्तु अब कई देशों में सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान त्रैमासिक आधार पर भी लगाया जाने लगा है। अपवृद्धि कभी-कभी होने वाली

www.neerajbooks.com



आकस्मिक घटना होती है। किसी अल्पकालिक ह्रास को भी हम 'नकारात्मक संवृद्धि' कह सकते हैं।

## विशेष लक्षण

संवृद्धि अर्थव्यवस्था का एक घटक/क्षेत्र होती है। निवेश और उपभोग जैसी गतिविधियों का एक सांझा नाम 'संवृद्धि' है। हमें संवृद्धि को अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक संवृद्धि की प्रक्रिया या संवृद्धि की क्षमता के रूप में समझना होगा। संवृद्धि की दर के साथ वार्षिक शब्द जुड़ा हुआ है। यदि किसी अर्थव्यवस्था में आर्थिक संवृद्धि तो हो रही है, परन्तु इसमें कुछ कमी परिलक्षित होती है, तो यह कहा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था की क्षमता में तो निरन्तर वृद्धि हो रही है, परन्तु क्षमता वृद्धि तत्काल फलीभूत नहीं हो रही। इसके कई कारण हो सकते हैं–निर्यात पर अधिक निर्भरता तथा देशों की आर्थिक स्थिति में गिरावट। कई देशों में वर्षा के उतार-चढ़ाव के कारण भी अर्थव्यवस्था की प्रगति बाधित हो जाती है। शेयर बाजार के अचानक गिर जाने से भी अर्थव्यवस्था की क्षमता का पूर्ण प्रयोग नहीं हो पाता। कुछ अर्थशास्त्री तो अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता के आधार पर ही आर्थिक संवृद्धि की परिभाषा दे डालते हैं।

## आधुनिक आर्थिक संवृद्धि

मानव समाज मानवीय संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा उत्कृष्ट तकनीक के द्वारा पहले से अधिक वस्तुओं का उत्पादन कर रहा है। समाज के कुछ लोग श्रेष्ठतर जीवनयापन करने में सफल भी हुए हैं, परन्तु समय-समय पर कुछ समाज प्रगति की दृष्टि से असफल भी रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय की निरन्तर वृद्धि भी बाधित हुई है। जनसंख्या वृद्धि के क्रम में भी उच्चावचन आते रहते हैं। पिछले लगभग 200 वर्षों में अधिकांश पश्चिमी देशों में जनसंख्या वृद्धि दर तो बढ़ी ही है, साथ-ही-साथ भौतिक पदार्थों के उत्पादन की दर और भी अधिक बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप पश्चिमी देशों में प्रति व्यक्ति आय तथा प्रति श्रमिक उत्पाद में निरन्तर वृद्धि का क्रम दिखाई दिया है। साइमन बुडानेट्स ने इसे ही आर्थिक संवृद्धि का नाम दिया है। इस प्रकार का घटनाक्रम विकासशील देशों में भी देखने को मिल रहा है। इन देशों में जनसंख्या की वृद्धि दर पाश्चात्य देशों से अधिक है, परन्तु आर्थिक संवृद्धि के सन्दर्भ में विकासशील देशों का निष्पादन पाश्चात्य देशों से बेहतर रहा है। विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति आय में भारी गिरावट जैसी घटनाएं भी हुई हैं।

### मापन

वार्षिक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर द्वारा आर्थिक संवृद्धि को मापा जा सकता है। आर्थिक संवृद्धि का मापन केवल पिछले वर्ष के उत्पादन परिवर्तन के आकलन तक सीमित नहीं रह गया है। आर्थिक संवृद्धि के मापन में विद्वान पंचवर्षीय उप-अवधियों का प्रयोग करना अधिक सुविधाजनक मानते हैं। आर्थिक संवृद्धि दर का आकलन चक्रवृद्धि ब्याज दर द्वारा कर लिया जाता है। कुछ अर्थशास्त्री यह मानते हैं कि संवृद्धि का अधिक सटीक आकलन सकल घरेलू उत्पाद की बजाय प्रतिव्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के द्वारा किया जा सकता है। इसमें जनसंख्या परिवर्तन के प्रभाव भी सम्मिलित रहता है।

## आर्थिक विकास

आर्थिक संवृद्धि तथा आर्थिक विकास दोनों में ही प्रति व्यक्ति आय में दीर्घकालिक वृद्धि परिलक्षित होती है। विकास सम्पत्ति और उपलब्धि का स्तर है। कुछ विद्वान विकास को साधन और साध्य दोनों मानते हैं। आदिकाल से ही समाज का विकास होता रहा है। अर्थव्यवस्था की उत्पादन संरचना में भी प्राचीन काल से ही परिवर्तन होते रहे हैं। ऐसा समय भी आया है, जब समाज में अधिकांश लोग गरीब थे, परन्तु समाज में समानता थी। कुछ देशों में विषमता को कम करने का प्रयास किया गया, परन्तु विषमता को खत्म करने के लिए प्रयास नहीं किए गये। आमतौर पर सभी समाजों ने उच्च शिशु मृत्यु दर देखी हैं। जब हम आर्थिक संवृद्धि का आकलन करते हैं, तो उत्पादन के कारकों तथा व्यक्तियों के बीच विभाजन के पक्ष को अनदेखा कर देते हैं। हमारा सम्पूर्ण ध्यान केवल इसी बात पर रहता है कि उत्पादन कितना हो रहा है। 'आर्थिक विकास' शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1911 में शुम्पीटर ने किया था। परन्तु व्यापक स्तर पर आर्थिक चर्चाओं में इस शब्द का प्रयोग द्वितीय विश्व-युद्ध के बाद ही प्रकाश में आया है।

## संरचना दृष्टिकोण

विकास का अर्थशास्त्र आर्थिक विकास से प्रेरित होता रहा है। पिछली दो शताब्दियों में यूरोप में भारी संरचनागत परिवर्तन देखने को मिले हैं। इन्हें हम दो वर्गों में बाँट सकते हैं–प्रौद्योगिकीय तथा संस्थागत। प्रारंभिक विकास अर्थशास्त्रियों ने उत्पादन से रचना तथा श्रम के प्रयोग में हो रहे परिवर्तनों को संरचनात्मक परिवर्तन का नाम दिया है। इन परिवर्तनों का प्रभाव पूँजी और भूमि के आबंटन पर भी पड़ा। परन्तु संरचनात्मक परिवर्तन को तभी सार्थक माना जाता है, जब समग्र उत्पाद में वृद्धि हो रही हो। केवल कृषि उत्पाद में कमी को हम संरचनात्मक परिवर्तन नहीं कह सकते। इन अर्थशास्त्रियों ने यह माना है कि जो आर्थिक संवृद्धि संरचनात्मक परिवर्तनों से युक्त हो, वह ही आर्थिक विकास है। संरचनात्मक परिवर्तन सकल घरेलू उत्पाद की रचना तथा श्रम विभाजन द्वारा ही स्पष्ट होते हैं। संरचना दृष्टिकोण के प्रवर्तक अर्थशास्त्रियों में प्रमुख हैं–ए.जी.बी. फिशर, कोलिन क्लार्क, साईमन कुज्नेट्स तथा डब्ल्यू.जी. हॉफ मैन आदि।

## संस्थावादी दृष्टिकोण

मुख्य धारा के अर्थशास्त्री यह मानते हैं कि पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाओं ने एक ही राह पर चलकर विकास किया है, जिसका अनुसरण सभी देशों को करना होगा। जब इन्होंने देखा कि सभी देश उस मार्ग पर नहीं चल रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि संस्थागत परिवर्तन भी समान रूप से महत्त्वपूर्ण होते हैं। संस्थागत परिवर्तनों से उनका आशय था प्रशासन, पूँजी बाजार और मुद्रा बाजार में नई संस्थाओं का निर्माण। कुछ विशेषज्ञों ने तो आधुनिक जीवन-मूल्यों की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अतिरिक्त विद्वानों ने आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ उत्पादकता वृद्धि पर भी जोर देना प्रारंभ कर दिया।

## आबंटन दृष्टिकोण

अधिकांश विकासशील देश किसी न किसी यूरोपीय देश की गुलामी भोग चुके हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ही इन्हें स्वतंत्रता प्राप्त हो पाई। 1950 के दशक में अमेरिका एवं सोवियत संघ समेत अधिकांश विकसित देशों ने पिछड़े देशों को आर्थिक सहायता देना प्रारंभ की। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 60 एवं 70 के दशकों को 'विकास दशक' घोषित कर दिया। परन्तु विकासशील देशों में न तो विषमता कम हुई और न गरीबी घटी और न ही बेरोजगारी में कोई कमी आई। एक पश्चिमी अर्थशास्त्री ने 1969 में दिल्ली के संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि 'देश के आर्थिक विकास के सन्दर्भ में यह प्रश्न

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



उठाने चाहिए–गरीबों के विषय में क्या किया जा रहा है? बेरोजगारी किस दिशा में जा रही है? विषमता का स्तर क्या है? यदि ये तीनों कम हो रहे हैं, तो निश्चय ही देश का विकास हो रहा है, परन्तु यदि इनमें से दो या एक भी बढ़ रहा है, तो प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि भी आर्थिक विकास की सूचक नहीं होगी।'

यदि संवृद्धि की प्रक्रिया से उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो जाए, संसाधनों में बदलाव आये, बैंक जैसी संस्थाओं का उदय हो, मानवीय कौशल का अधिक उपयोग हो, परन्तु यदि संवृद्धि प्रक्रिया का गरीबी, विषमता एवं बेरोजगारी पर प्रभाव न पड़े तथा इनमें कमी न आये, तो ऐसा विकास निरर्थक है। विकास का सम्बन्ध तो जनसामान्य के जीवन-स्तर से है। व्यक्ति को उसका भाग उस स्थिति में मिल पाता है, जब उसे रोजगार प्राप्त हो। विकास के बावजूद भी गरीबी एवं विषमताएँ विद्यमान हैं, जो एक चिन्ता की बात है। आर्थिक विकास के लिए नई युक्तियाँ सुझाई जा रही हैं। कुछ अर्थशास्त्रियों ने संवृद्धि को ही आर्थिक विकास का नाम दिया है।

### मूल आवश्यकता दृष्टिकोण

1970 के दशक में विकसित देशों में उच्च जीवन-स्तर में प्रगति धीमी गति से हुई, जिससे क्षुब्ध होकर अर्थशास्त्रियों ने एक सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को अपनी जनता की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति पर ही ध्यान देना चाहिए। ये मूल आवश्यकताएँ हैं–रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ। इसमें हम स्वच्छ पेयजल को भी शामिल कर सकते हैं।

### क्षमता-योग्यता दृष्टिकोण

आर्थिक विकास की परिभाषा में चयन के विस्तार को सबसे पहले डब्ल्यू.डब्ल्यू. शुल्ज ने शामिल किया था, परन्तु शुल्ज का चयन केवल वस्तु समुच्चयों तक ही सीमित था। किन्तु अमर्त्य सेन ने विकास को व्यक्तियों की क्षमता के विस्तार और संवर्धन का नाम दिया है। इस संवर्धन का निरूपण जीवनयापन की क्षमता में वृद्धि के रूप में किया गया है। शैक्षिक उपलब्धियों तथा सामाजिक जीवन में भागीदारी को भी क्षमता-संवर्धन का अंग माना गया है। इस क्षमता के मापनीय आयाम हैं–जीवाशा वृद्धि, शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी तथा सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक तथा राजनीतिक प्रक्रियाओं की भागीदारी में सुधार।

### आर्थिक विकास और विकास

हमारी आर्थिक विकास की चर्चा सामाजिक विकास की चर्चा का रूप धारण करती जा रही है। हमारे सरोकार अधिक विस्तार पा रहे हैं। हम यह चाहते हैं कि सम्पूर्ण समाज ही लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करे। अब हम संकीर्ण आर्थिक विकास से आगे सामाजिक विकास की बात कर रहे हैं। अर्थशास्त्री आर्थिक विकास के केवल आर्थिक पक्ष पर ध्यान देते हैं, जबकि नीति निर्माता आर्थिक और सामाजिक विकास दोनों पर ध्यान देते हैं। मानवीय समाज के सन्दर्भ में विकास को हम समाज के वांछित अभिलक्षणों का प्रसार तथा अवांछित लक्षणों का विलोपन कह सकते हैं।

## विकास की अवधारणा अभी विकासाधीन है

विद्वान आर्थिक विकास की बात करते-करते उसके अनेक आयामों से भी अपना सरोकार व्यक्त करते हैं। इन नए सरोकारों में भौतिक स्तर की धारणीयता भी सम्मिलित है।

### धारणीय विकास

धारणीय विकास के सन्दर्भ में एक प्रश्न उठाया जा रहा है कि क्या विकास का स्तर धारणीय है? यह प्रश्न गरीब देशों के सन्दर्भ में उठाया जा रहा है। विकसित देशों में उपभोग के स्वरूप पर प्रश्न उठाये जा रहे हैं, वहीं विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि पर प्रश्न उठाये जा रहे हैं। दो बातों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है–प्रथम तो उत्पादन प्रक्रियाओं में निर्वातनीय संसाधनों (कोयला, गैस, तेल) के अत्यधिक प्रयोग तथा अनिर्वातनीय संसाधनों (वन) के विदोहन पर आश्रित प्रौद्योगिकी की बात तथा दूसरी वर्तमान प्रौद्योगिकी अपने अपशिष्टों (कूड़ा-करकट, धुआं, जहरीली गैस) के उत्सर्जन द्वारा वातावरण तथा जल-संसाधनों को प्रदूषित कर रही है। उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ प्रदूषण भी बढ़ता है। यदि प्रदूषण का स्तर इतना अधिक हो जाये कि प्रकृति की धारण क्षमता उसे समाहित न कर पाये, तो हमें स्वच्छ वायु एवं जल नहीं मिल पायेंगे। यदि निर्वातनीय संसाधनों के भण्डार इसी तेजी से समाप्त होते रहे, तो भावी पीढ़ियों के लिए संसाधन शेष बचेंगे ही नहीं।

यदि हमारी अर्थव्यवस्था इसी रफ्तार से गति करती रही, तो शीघ्र ही ऐसा समय आ जायेगा जब अर्थव्यवस्था अपने वर्तमान स्तर को बनाए रखने में असफल हो जायेगी। कई विद्वान यह मानते हैं कि पर्यावरण अविभाजनीय है। प्रदूषण किसी देश की सीमा रेखा को नहीं पहचानता। पर्यावरणीय पतन की समस्या को देखते हुए एक आयोग की स्थापना की गयी थी, जिसने अपनी रिपोर्ट 1987 में 'हमारा साझा भविष्य' नाम से प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि धारणीय विकास भावी पीढ़ियों के हितों को नुकसान पहुँचाये बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

### जीवन की गुणवत्ता

यदि जल, वायु तथा स्वच्छता की उत्तम व्यवस्था नहीं है, तो जीवन की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं रह सकती। यदि आपके आस-पास कूड़ा हो, वायु-प्रदूषण हो तथा जल स्वच्छ न हो, तो आपके जीवन को अच्छा नहीं कहा जा सकता। इनमें हम भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा, चिकित्सा, कानूनी सहायता और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी जोड़ सकते हैं। इन सभी पदार्थों तथा सेवाओं को कुशलक्षेम के निर्धारक तत्त्व माना जा सकता है। जीवाशा, बाल अनुजीवन तथा वयस्क साक्षरता ये सभी सामाजिक कुशलक्षेम के सूचक हैं। कुछ लोग यह मानते हैं कि कुछ समाजों में सामान्य सुलभ अधिकारों से अन्य समाजों के सदस्य वंचित रह जाते हैं। इन अधिकारों को भी कुशलक्षेम के सूचकों में सम्मिलित किया जाना चाहिए। अब सामान्य जीवन-स्तर में राजनीतिक तथा नागरिक अधिकारों या उनके सूचकों को भी शामिल किया जा रहा है। मानव अधिकारों को भी कुशलक्षेम में सम्मिलित करना चाहिए। वास्तव में सामाजिक विकास का मुख्य लक्ष्य ही समाज के सदस्यों के कुशलक्षेम का संवर्धन है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. वृद्धि और संवृद्धि में क्या अन्तर है?**

**उत्तर**–वृद्धि और संवृद्धि दोनों भिन्न-भिन्न अवधारणायें हैं। यदि किसी अर्थव्यवस्था में निरन्तर लम्बे समय तक वृद्धि परिलक्षित हो, तो उसे संवृद्धि कहा जाता है। संवृद्धि का सम्बन्ध अल्पकाल से नहीं है, बल्कि इसका सम्बन्ध दीर्घकाल से है, जबकि वृद्धि अल्पकाल में भी हो सकती है। वृद्धि का सम्बन्ध अल्पकाल से भी है और

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



दीर्घकाल से भी। यदि किसी अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में हमें प्रगति दिखाई देती है, तो हम इसे अर्थव्यवस्था की वृद्धि कह सकते हैं, परन्तु यदि यह वृद्धि निरन्तर एक लम्बे समय तक रहती है, तो इसे आर्थिक संवृद्धि कहा जाता है। वृद्धि और संवृद्धि में मूलभूत अन्तर यही है कि वृद्धि अल्पकाल में भी हो सकती है, परन्तु संवृद्धि दीर्घकाल में ही संभव होती है।

**प्रश्न 2. संवृद्धि प्रक्रिया के मुख्य अभिलक्षण क्या हैं?**

**उत्तर–**संवृद्धि भी अर्थव्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण घटक/क्षेत्रक है। किसी अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में हम उपभोग तथा निवेश जैसी अवधारणाओं की चर्चा भी कर सकते हैं, परन्तु यहाँ हमने एक दृष्टिकोण अपनाया है। हमने इन सभी गतिविधियों को एक साझा नाम संवृद्धि दिया है। यह परिवर्तन की प्रक्रिया मानी जा सकती है और इस प्रक्रिया का मापन उसके परिणामों की इकाइयों द्वारा किया जा सकता है। केवल इतना ही नहीं, आर्थिक संवृद्धि को अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक संवृद्धि की प्रक्रिया या संवृद्धि की संभावना या क्षमता के रूप में भी जानना होगा। संवृद्धि का अनुमान किसी एक वर्ष में नहीं लगाया जा सकता। संवृद्धि किन्हीं बाह्य कारकों का तात्कालिक प्रभाव भी नहीं होती। किसी सीमा तक यह सत्य है कि संवृद्धि की दर के साथ 'वार्षिक' शब्द जुड़ा हुआ है। संवृद्धि के सन्दर्भ में हमारा आशय केवल दीर्घकालिक प्रवृत्ति को स्पष्ट करना होता है। सामान्य प्रवृत्ति के आस-पास हो रहे उच्चावचन का कोई महत्त्व नहीं होता।

यदि सामान्य संवृद्धि में वृद्धि हो रही है, परन्तु इसके बावजूद यदि कुछ कमी दिखाई दे रही है, तो इसका अर्थ है कि संवृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था की क्षमता में तो वृद्धि हो रही है, परन्तु कभी-कभी वह क्षमता तत्काल फलीभूत नहीं हो पाती। इसके कई कारण हो सकते हैं। जो देश निर्यात पर अधिक निर्भर होते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति में गिरावट के कारण उनकी क्षमताओं का पूर्णत: प्रयोग नहीं हो पाता। कई देशों में मानसून वर्षा के उतार-चढ़ाव के कारण भी अर्थव्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो जाते हैं। समग्र आन्तरिक मांग भी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। यदि शेयर बाजार अचानक गिर जाये, तो भी अर्थव्यवस्था की संवृद्धि क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता। कुछ अर्थशास्त्री अर्थव्यवस्था की आपूर्ति क्षमता को बहुत अधिक महत्त्व देते हैं तथा अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता की वृद्धि द्वारा आर्थिक संवृद्धि की परिभाषा देते हैं।

**प्रश्न 3. आधुनिक आर्थिक संवृद्धि पूर्ववर्ती संवृद्धि के घटनाचक्रों से किस प्रकार भिन्न है?**

**उत्तर–**मानव समाज सदैव परिवर्तनशील रहा है। पहले की अपेक्षा अब मानव समाज वस्तुओं का अधिक एवं उच्च स्तर पर उत्पादन कर रहा है। वस्तुओं के बढ़े हुए उत्पादन में मानवीय संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा उत्पादन की तकनीकों में सुधार ने बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब समाज के लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है तथा वे एक सफल एवं श्रेष्ठ जीवन जीने में सफल हैं। विभिन्न समय अवधियों में समाज प्रगति कर पाने में भी असफल रहे हैं, जबकि कुछ समय अवधियों में समाज ने अत्यधिक प्रगति की है। जो समाज आशा के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाए, उनमें जनसंख्या वृद्धि तथा अन्य कारणों की वजह से प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि भी बाधित हुई है। जनसंख्या वृद्धि के क्रम में भी उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। यदि हम पाश्चात्य विश्व पर नजर डालें तो हमें पता चलता है कि पूर्वकाल की अपेक्षा पिछले 200 वर्षों में पाश्चात्य विश्व में अनेक परिवर्तन हुए हैं। पिछले 200 वर्षों में अधिकांश पश्चिमी देशों में जनसंख्या में वृद्धि देखने को मिलती है। परन्तु इससे भी अधिक रोचक बात यह है कि अधिकांश पश्चिमी देशों में भौतिक पदार्थों के उत्पादन की संवृद्धि दर जनसंख्या वृद्धि दर से भी अधिक रही है। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश पश्चिमी देशों में प्रति व्यक्ति आय तथा प्रति श्रमिक उत्पाद में निरन्तर वृद्धि का क्रम रहा है। साइमन बुडानेट्स ने इस प्रक्रिया को आधुनिक आर्थिक संवृद्धि कहकर संबोधित किया है।

इसी प्रकार के घटनाक्रम तथाकथित विकासशील देशों में भी दिखाई दे रहे हैं। विकासशील देशों में जनसंख्या की वृद्धि विकसित देशों से अधिक रही है। इन विकासशील देशों में वृद्धि दर भी पाश्चात्य देशों से अधिक रही है। कुछ विकासशील देशों का निष्पादन पाश्चात्य देशों के निष्पादन से कहीं बेहतर रहा है। परन्तु हम यह नहीं कर सकते कि इन विकासशील देशों में कोई निराशाजनक अनुभव नहीं हुए हैं। यदि पश्चिम के विकसित देशों ने दो विश्वयुद्धों तथा महामंदी की विभीषिकाओं को झेला है, तो विकासशील देशों ने भी अनेक समस्याओं तथा प्रति व्यक्ति आय में भारी गिरावट जैसी घटनाओं को सहा है।

**प्रश्न 4. किसी अवधि में संवृद्धि के मापन में किन बातों पर ध्यान दिया जाता है?**

**उत्तर–**प्रति व्यक्ति वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के द्वारा आर्थिक संवृद्धि का मापन किया जाता है। इस सूत्र से यह स्पष्ट होता है कि संवृद्धि का अनुमान केवल पिछले वर्ष के उत्पादन परिवर्तन के आकलन द्वारा ही लगाया नहीं जा सकता। संवृद्धि दर में त्वरणता या शिथिलता देखने के लिए सम्पूर्ण अवधि को निश्चित उपलब्धियों में बाँटकर तुलना करना अधिक उपयुक्त रहता है। सामान्य रूप से विद्वान आर्थिक संवृद्धि का मापन करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं की अवधियों का प्रयोग करना अधिक उचित मानते हैं। एक सतर्क अध्येता अवधियों का निर्धारण और गणना-विधियों का चयन भी ध्यानपूर्वक करता है। आमतौर पर संवृद्धि दर का आकलन चक्रवृद्धि ब्याज दर सूत्र के द्वारा किया जाता है। संवृद्धि दर के सन्दर्भ में एक मान्यता यह भी रही है कि संबंधित उप-अवधि में वार्षिक संवृद्धि दर स्थिर या एक समान रहती है। कुछ विद्वान यह भी मानते हैं कि सकल घरेलू उत्पाद द्वारा अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर का विशुद्ध आकलन नहीं किया जा सकता, बल्कि प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के परिवर्तन द्वारा अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर का विशुद्ध आकलन किया जा सकता है। इससे जनसंख्या परिवर्तन के प्रभाव का भी समंजन हो जाता है।

**प्रश्न 5. अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर–**पिछले कुछ समय से विकास का अर्थशास्त्र पाश्चात्य आर्थिक विकास से प्रेरित रहा है। पिछली दो सदियों में यूरोप में हमें बहुत बड़े स्तर पर संरचनागत परिवर्तन देखने को मिले हैं। यूरोप में हुए इन परिवर्तनों को दो भागों में बाँटा जा सकता है–प्रौद्योगिकीय परिवर्तन तथा संस्थागत परिवर्तन। प्रारंभिक विकास अर्थशास्त्री उत्पादन की रचना तथा विभिन्न गतिविधियों में श्रम के प्रयोग में हो रहे परिवर्तनों को समझ गये थे, इसलिए इन अर्थशास्त्रियों ने इन

www.neerajbooks.com